nt>

Title: Need to open more post offices in Balsad district, Gujarat- Laid.

श्री मणिभाई रामजीभाई चौधरी (बलसाड़): अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार जहां टेलीफोन तथा अन्य सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार प्रसार में जितना ध्यान दे रही है उतना ध्यान डाकघर खोलने की ओर नहीं दे रही है जबकि आज भी गरीबों और आदिवासियों तथा मजदूरों को समाचार आदि भेजने के लिए डाकघर का ही सहारा लेना पड़ता है। सरकार ने कुछ समय पहले डाकघर खोलने के मामले में एक मापदण्ड भी निर्धारित किया था, किंतु उसका भी पालन बड़ी शिथिलता से किया जा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र गुजरात राज्य के बलसाड़ जिले में डाकघरों की संख्या बहुत ही कम है जबकि मेरे जनपद में आदिवासियों की संख्या बहुत ही अधिक है और ये लोग छोटे छोटे गांवों में दूर दूर रहते हैं। परिणाम यह होता है कि यदि इनको एक पोस्टकार्ड भी खरीदना होता है तो इनको काफी दूर जाना पड़ता है, जिससे काफी समय और धन खर्च करना पड़ता है।

अतः मेरा माननीय संचार मंत्री से विशो रूप से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड़ जिले में यदि अधिक न हो सके तो सरकारी मापदण्ड के अनुसार अविलम्ब डाकघर उच्च वरीयता एवं प्राथमिकता के आधार पर खोलने के लिए आवश्यक आदेश निर्गत करने की कृपा करें ताकि वहां पर माँग के अनुसार डाकघर खोले जा सकें और वहां के लोगों की परेशानी समाप्त हो सके।